Dainik Jagran, New Delhi
Monday, 16th January 2023; Page: 18
Width: 11.18 cms; Height: 25.74 cms; a4; ID: 21.2023-01-16.158

भारतीय शराब उत्पादों से भेदभाव करने वाले नियम हटाने की मांग

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली: कन्फेडरेशन आफ इंडियन अल्कोहलिक बेवरेज कंपनीज (सीआइएबीसी) ने दिल्ली सरकार को 'वोकल फार लोकल' अपनाने के लिए एक पत्र लिखा है, जिसमें 2023-24 के लिए आगामी आबकारी नीति में भारत निर्मित उत्पादों के खिलाफ भेदभाव करने वाले नियमों को हटाने की मांग की गई है। अगले वित्तीय वर्ष के लिए आगामी आबकारी नीति में शामिल करने के उपायों का सुझाव देते हुए भारतीय मादक पेय निर्माताओं के प्रतिनिधि निकाय ने दिल्ली सरकार को अपने विस्तृत प्रस्तुतिकरण में काम आसानी से करने में सुधार करने का आग्रह किया है। नई उत्पाद लांच प्रक्रिया का सरलीकरण करने का सुझाव दिया है।